दिनांक 25.05.2021

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

बहुत ही हर्ष के साथ सूचित करना है कि नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ को प्रतिष्ठित World Association of Zoos and Aquarium (WAZA) की सदस्यता प्राप्त हो गयी है। WAZA की सदस्यता मिलना प्राणि उद्यान, लखनऊ तथा प्रदेश के लिए बहुत ही सम्मान का विषय है। WAZA की सदस्यता प्राप्त होने से वन्य जीव तथा प्राणि उद्यान के प्रबन्धन में नये–नये अंतराष्ट्रीय स्तर से सुझावों तथा वैज्ञानिक प्रबन्धन करनें में सहायता मिलेगी। WAZA की सदस्यता के सदस्य प्राणि उद्यानों को निम्नलिखित लाभ प्राप्त होते हैं–

1. वन्यजीवों की चिकित्सा एवं देखभाल में परामर्श एवं सहायता।
2. समन्वित प्रजाति प्रबन्धन कायक्रमों में भागीदारी।
3. वैज्ञानिक अध्ययनों में योगदान।
4. राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों का अनुपालन।
5. वन्यजीवों के दस्तावेजों का रख–रखाव एवं विनिमय।
6. पर्यावरण सम्बन्धी शिक्षाप्रद कार्यक्रम।
7. पर्यावरण एवं वन्यजीवों के संरक्षण से सम्बन्धित गतिविधियों का क्रियान्वयन।
8. वन्यजीव सम्बन्धित नैतिक दिशा–निर्देशों का अनुपालन।
9. राष्ट्रीय एवं आंचलिक वन्यजीव संस्थाओं से सहयोग प्राप्त करना।
10. चिड़ियाघरों और एक्वैरियम तथा दुनिया के सबसे प्रभावशाली अग्रणी चिड़ियाघरों, संघों का प्राणि उद्यान हिस्सा होगा। यह संस्था हमें IUCN, CITES, CBD, CMS, RAMSAR इत्यादि से जोड़ते हुए एक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मंच उपलब्ध करायेगी।
11. अपने संस्थान तथा संरक्षण सम्बन्धी परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए WAZA का Logo का उपयोग कर सकते हैं।
12. WAZA की सदस्यता प्राप्त करने के उपरान्त वैश्विक स्तर पर होने वाले वार्षिक सम्मेलनों में भाग ले सकेंगे एवं विभिन्न संस्थाओं के निदेशकों के साथ विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा कर सकेंगे।
13. प्राणि उद्यानों हेतु नई रणनीतियाँ और नीतियों को निर्धारित करने का अवसर प्राप्त होगा, जिसका दुनियाँभर में चिड़ियाघरों और एक्वेरियम के भविष्य पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा।
14. प्राणि उद्यानों के कर्मचारियों को विशेष बैठकों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है जो समय–समय पर आयोजित की जा सकती है, जैसे कि अन्तर्राष्ट्रीय चिड़ियाघर विपणन सम्मेलन।

    WAZA के सभी प्रकाशन प्राप्त करेंगे, जिसमें WAZA समाचार और WAZA पत्रिकायें शामिल हैं और WAZA वेबसाइट के मेम्बरशिप पेज पर उपलब्ध सूचनायें/सुविधायें प्राप्त कर सकेंगे।
15. WAZA संस्था द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं एवं वेबसाइट के माध्यम से हम अपनी संस्था तथा परियोजनाओं का प्रचार–प्रसार कर सकेंगे।
16. विश्व के चिड़ियाघरों और एक्वेरियम समुदाय के निदेशकों एवं प्रशासकों के बीच समन्वय स्थापित किया जा सकेगा।

–ह0–

(आर0के0 सिंह)

निदेशक

नवाब वाजिद अली शाह

प्राणि उद्यान, लखनऊ।